आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 02:06 तक उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 10 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 230, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार



# एसआरएमएस में पांच मरीजों की होगी मुफ्त सर्जरी



**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रुद्रपुर की हुजैफा खान, गोंडा की निरुपमा, पीलीभीत की अफसाना, बरेली की जैनब बी और लता की निशुल्क सर्जरी होगी। 24वें स्थापना दिवस पर आयोजित मिनिमल इनवेसिव सर्जरी कैंप में हुए 284 रजिस्ट्रेशन के लकी ड्रॉ में इन पांच मरीजों की पर्चियां निकली हैं। रजिस्ट्रेशन कराने वाले अन्य सभी मरीजों को सर्जरी पर 50 फीसदी छूट दी जाएगी। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह ने कहा कि एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के स्थापना दिवस के अवसर पर पांच दिवसीय मिनिमल इनवेसिव सर्जरी कैंप आयोजित हुआ। दूरबीन विधि से ऑपरेशन के लिए लगे इस कैंप में 284 मरीजों ने अलग-अलग सर्जरी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। कैंप के समापन के बाद संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने पांच मरीजों को निशुल्क सर्जरी का लकी ड्रॉ निकाला। लकी ड्रॉ में चुने जाने की सूचना पांचों मरीजों को संस्थान की ओर से दी गई। एमएस डॉ. सिंह ने कहा कि 8 जुलाई को पीलीभीत की अफसाना और बरेली की लता का ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हुजैफा खान, निरुपमा और जैनब बी का ऑपरेशन उनकी सुविधानुसार 14, 17 और 28 जुलाई को किया जाएगा। ड्रॉ के समय डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, प्रिंसिपल एयर मार्शल सेवानिवृत्त डॉ. एमएस बुटोला, डिप्टी एमएस डॉ. सीएम चतुर्वेदी, ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित शर्मा, सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. एसके सागर मौजूद रहे।